nandgaon times jan-17-02.qxd 1/16/2025 11:59 PM Page 1

पीले सरसों के फूलों से ... पृष्ठ 2 | साल बदल चुका है, अब... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


शुक्रवार, 17 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 82, पृष्ठ 95, मूल्य 3 रुपए

## वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें अवश्य पालन - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री साय ने हेलमेट लगाकर चलायी बाईकः सड़क सुरक्षा का दिया संदेश, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात जागरूकता रैली का किया गया आयोजन



**रायपुर।** प्रदेश में मनाये जा रहे 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हेलमेट लगाकर बाईक चलाते हुए प्रदेशवासियों को हेलमेट लगाने और यातायात के नियमों के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर के रोहणीपुरम गोल चौक पहुँचकर बाईक रैली में हिस्सा लिया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के साथ साथ चार पहिया वाहन चालकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान श्री साय ने हरी झण्डी दिखाकर भव्य बाईक रैली को रवाना भी किया। रैली के दौरान स्वंयसेवी संस्थाओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है। मनुष्य के अपने परिवार और समाज के प्रति दायित्व होते हैं, जिनका उनको निर्वहन करना होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने अपने परिवार के लिए अनमोल हैं जिसकी जगह कोई अन्य कभी नहीं ले सकता। इसलिए स्वयं को और अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन चलाते समय हम सभी को यातायात नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय सिर पर हेलमेट अवश्य ही पहनना चाहिए और कार चलाते समय सीट बेल्ट भी लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए इसे देश व राज्य की क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटनाएं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा सीमित रफ्तार में वाहन चलाने से वाहन पर बेहतर नियंत्रण होने से दुर्घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि कभी भी नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया ताकि अपने जीवन के साथ-साथ दूसरे लोगों का जीवन भी सुरक्षित रहें और पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन किया जा सके। उल्लेखनीय है कि 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। इसके तहत रायपुर यातायात




पुलिस द्वारा लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जरूरी नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। रोचक तरीके से सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की थीम पर बैनर-पोस्टर लगाकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने इस पूरे अभियान के लिए अलग-अलग दिनों पर अलग-अलग जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में वाहन चालकों, स्थानीय नागरिकां और छात्र-छात्राओं के पालकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लाल उम्मेद सिंह सहित पुलिस और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की वर्ष 2025 की शानदार शुरुआत

## सिर्फ 15 दिनों में विजन को हकीकत में बदला



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई परिवर्तनकारी पहलों के साथ वर्ष 2025 की शुरुआत की है। यह एक प्रगतिशील, आत्मनिर्भर और एकजुट भारत के लिए उनके दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। बुनियादी ढांचे और वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ाने से लेकर युवाओं को सशक्त बनाने और भारत की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाने तक, उनके नेतृत्व ने आने वाले एक उल्लेखनीय वर्ष के लिए माहौल तैयार किया है। वर्ष की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान किसानों के कल्याण पर जोर देने के साथ 2025 की शुरुआत हुई। सरकार ने किसानों के लिए किफायती उर्वरक मूल्य सुनिश्चित करते हुए डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी। यह निर्णय भारत की कृषि और किसानों को मज़बूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उसी दिन गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ और शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी जैसे सांस्कृतिक आइकन से मुलाकात की, जो कला, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने पर उनके ध्यान को रेखांकित करता है। 3 जनवरी को पीएम मोदी ने दिल्ली में इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट के तहत 1,675 नवनिर्मित फ्लैट लाभार्थियों को सौंपे। इससे हज़ारों परिवारों के लिए रहन-सहन की बेहतर स्थिति सुनिश्चित हुई। उन्होंने 600 करोड़ रुपये से ज़्यादा की तीन परिवर्तनकारी शैक्षणिक परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इनमें सूरजमल विहार में पूर्वी परिसर, द्वारका में पश्चिमी परिसर और नजफ़गढ़ में वीर सावरकर कॉलेज शामिल हैं।

## शिक्षक प्रेम किशन साहू सम्मानित

### अध्यापन के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के लिए हो रही प्रशंसा



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोहला मानपुर चौकी जिले के रेंगाकठेरा प्राथमिक शाला में सी ए सी के पद पर पदस्थ प्रेमकिशन साहू अध्यापन के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी चौकी के हाथों सम्मानित पुरस्कृत हुए हैं। श्री साहू के इस कार्य के लिए शिक्षक बिरादरी में भी उनकी तारीफ हो रही है। श्री साहू को सम्मानित व पुरस्कृत होने पर साहू समाज सहित इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## डॉ रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं से छेरी छेरा में विकास के लिए कार्यकर्ताओं से संघर्ष मांगा

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में आज सैकड़ो कार्यकर्ता रायपुर भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल तथा संगठन मंत्री पवन साय एवं स्पीकर हाउस में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को धन्यवाद देने पहुंचे।

स्पीकर हाउस में खचाखच भारी हाल में डॉक्टर रमन सिंह ने पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनका सम्मान किया तत्पश्चात पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं सचिन बघेल का भी गमछा पहनकर सम्मान किया और अपने उद्बोधन में उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं महामंत्री सौरभ कोठारी को आने वाले समय में बेहतरीन टीम बनाने और बेहतरीन पारी खेलने का आव्हान किया। डॉ रमन सिंह ने कहा कि 15 वर्षों तक राजनांदगांव का समुचित विकास हुआ परंतु विगत 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने राजनांदगांव के साथ सौतेला व्यवहार किया और विकास कार्य ठप हो गए अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है और आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भाजपा में संगठन परिवर्तन की ओर है मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर आता है,ऐसे ही समय की दृष्टि से संगठन भी परिवर्तन करता है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की पारंपरिक उत्सव छेरी छेरा का भी शुभ दिन है। और राजनांदगांव के विकास के लिए वे सभी कार्यकर्ताओं से छेरा छेरी के रूप में कुछ मांगना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के विकास के लिए मुझे भाजपा के पार्षद, महापौर, पंच, सरपंच और जनपद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में अपना योगदान दे ताकि डबल इंजन की सरकार के साथ राजनांदगांव एवं पूरे संसदीय क्षेत्र का समुचित विकास हम कर सकें। नव नियुक्त अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने डॉ रमन सिंह का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को उन्होंने मौका दिया है, तो मैं विश्वास दिलाता हूं कि कार्यकर्ताओं के हित में काम करूंगा और वे विकास तथा जन सेवा के कार्यों को महत्व देंगे, इस अवसर पर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई के सपनों को साकार करने का भी आश्वासन दिया, अंत में आभार प्रदर्शन नव नियुक्त जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भागचंद गीड़िया ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का भी स्वागत सम्मान किया गया।



कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता आभार हेतु रायपुर पहुंचे

## मितानिन दीदीयों का वेतन खा रही भाजपा सरकारः कुलबीर

### विष्णुदेव के सुशासन में मितानिनों दीदीयां वेतन के लिए जोह रहे बांट

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी करते हुए कहा कि चुनाव के पूर्व प्रदेश की जनता से भाजपा लोकलुभावने वायदे कर सत्ता में आयी और अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। मितानिन कार्यक्रम की सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, हेल्थ डेस्क फेसिलेटर की प्रोत्साहन राशि व क्षतिपूर्ति विगत तीन माह की राशि नहीं मिलने से पूरे छत्तीसगढ़ की मितानिना दीदीयां नाराज व परेशान है जिसके कारण वे सरकार से काफी नाखुश हो गयी है। इसी तरह प्रदेश के लाखों किसानों के साथ विष्णुदेव साय सरकार धोखाबाजी कर रही है। किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। टोकन, बारदाना से लेकर तौलाई में गड़बडी की शिकायत पूरे प्रदेश में है। 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान कर किसानों



किसी को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में धान खरीदी का नगद भुगतान केन्द्र खोलने का वादा भी जुमला निकला। पिछले खरीफ सीजन के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त हड़प लिए। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद कर दिया गया। शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना दुर्भावनापूर्वक बंद कर दिया गया। इसी तरह शिक्षकों के साथ छल किया जा रहा है। पुलिस भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा किया जिसके कारण एक जवान को अपनी जान गवाने पड़ी और पुलिस भर्ती को निरस्त करना पड़ा कुल मिलाकर युवाओं को भी इस सरकार ने छलने से नहीं चुके। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार से चहूंओर नाराजगी साफ देखी जा रही है। और आने वाले समय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनावों की शुरुआत होने वाली है ऐसे में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता कड़ा जवाब देगी।

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान (अग्रणी दिग्विजय) का आयोजन किया गया

**राजनांदगबांव (नांदगांव टाइम्स)।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के प्राचार्य मेजर डॉ के एल दामले के निर्देशन एवं समाजकार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में समाज कार्य विभाग द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2025 को पोषक विद्यालय संपर्क अभियान (अग्रणी दिग्विजय) का आयोजन किया गया। उपरोक्त गतिविधि में समाज कार्य विभाग के प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गठुला राजनांदगांव का भ्रमण किया । विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू द्वारा पावरप्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय के कक्षा 9वी व 10 वीं के विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को पुरानी शिक्षा नीति एवं नवीन शिक्षा नीति के मध्य अंतर को समझाते हुए नवीन शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर प्रकाश डाला तथा दिग्विजय महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन पर भी वक्तव्य दिया एवं उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। समाज कार्य विभाग के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों द्वारा भी नवीन शिक्षा नीति के संबंध में विद्यालय के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू,स्ववित्तीय प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे 7उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती आर .नामदेव तथा अन्य व्याख्याता श्रीमती अनीता यादव और श्रीमती जय श्री देवांगन, श्रीमती रईसा खान, श्रीमती संगीता ताराम श्रीमती माना साहू एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन का लाल बहादुर नगर में हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन का शुभारंभ किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट जनसामान्य के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन के माध्यम से नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। जिसमें चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन फार्मासिस्ट एवं नर्स उपलब्ध रहेंगे। चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। साथ ही वाहन में विभिन्न प्रकार के जांच की सुविधा भी है। मोबाईल प्ले स्टोर पर एमएमयू मोबाईल छत्तीसगढ़ सुधा एप्लीकेशन लांच किया गया है। जिससे मरीज मोबाईल पर टेस्ट एवं ओपीडी की जानकारी देख सकते हैं। इस अवसर पर श्री मनोज कांडे, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री देवेंद्र साहू, श्री नोबल साहू, श्री वेदराम ताम्रकर, श्रीमती पुष्पलता वैष्णव, श्री घनश्याम वैष्णव, श्री राजकुमार ताम्रकर, नगर पंचायत सीएमओ डॉ. वनीष दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।



## स्वच्छता दीदीया घर में ही सुखा एवं गीला कचरा अलग करने लोगो को कर रही जागरूक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत साफ सफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के तहत स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में कचरा पृथककरण करने व स्वच्छता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है। उनके द्वारा समझाईस दी जा रही है कि हरा गीला एवं सुखा नीला डिस्टबिन में रखने शहरवासियों को आदत डालनी पडेंगी। इससे एक तरह से जहॉ शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन होगा। वही वेस्ट से वेल्थ की ओर बढने पर निगम की आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा स्वच्छता दीदीया व एसएलआरएम सेन्टर के सुपरवाईजर सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग रखने, व्यवाहर में परिवर्तन लाने अभियान चला रहे है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा हरा एवं नीला डस्टबिन में क्या क्या कचरा रखना है, इसकी जानकारी देने के साथ साथ घर में ही कचरे का पृथककरण करने जानकारी दे रहे है।

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री संजय अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाया जा रहा है। शहर के 18 एसएलआरएम सेन्टर में कार्यरत स्वच्छता दीदीया प्रतिदिन सुबह लगभग 3 सौ कचरा संग्रहण रिक्शा व गाडी के माध्यम से घरो व दुकानों में जाकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण करती है। उनके द्वारा घर में ही याने स्त्रोत पर कचरे का पृथककरण कर स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दी जा रही है। इसके बदले में उनके द्वारा शासन द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज लिया जाता है। हमारी स्वच्छता दीदीयां प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर एस.एल.आर.एम. सेन्टर में कचरा पृथककरण करते है। गीला कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया की जाती है, कचरे से बने खाद का उपयोग घर के बागवानी, उद्यानों आदि में किया जाता है। खाद का विक्रय कर गत वर्ष 4 लाख रूपये की आमदनी प्राप्त हुयी। इसी प्रकार अनुपयोगी सुखा कचरा का भी विक्रय कर स्वच्छता दीदीया आय प्राप्त करती है, वही अनुपयोगी समान से कबाड से जुगाड के तहत कलाकृतिया बनाती है। निगम का मूल उद्देश्य स्वच्छता एवं कचरा पृथककरण से लोगो को जोडना है। ताकि हमारे शहर में स्वच्छ एवं साफ वातावरण निर्मित हो सके। स्वच्छता अभियान बिना जनभागीदारी के सफल नही होगा। इसमें शहर के सभी नागरिकों को जुडना है, तभी हम स्वच्छता में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। स्वच्छता की कडी में सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम का स्वास्थ्य अमला लगातार कार्यवाही कर रही है गत दिसम्बर माह में 20 हजार 7 सौ रूपये जुर्माना लगाया गया है और 11 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक की जप्ती की गयी है। हमारे सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीया सिंगल यूज प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल, पानी पाउच आदि का उपयोग नहीं कर पर्यावरण संरक्षण के लिये सहयोग करने, साफ सफाई रखने, सडक पर मलमा नही रखने नागरिकों को समझाईस दे रहे है।



nandgaon times jan-17-02.qxd 1/16/2025 11:59 PM Page 2



# पीले सरसों के फूलों से गुलजार खेतों की बिखरी मनोरम छटा...

## किसानों में बढ़ा फसल विविधीकरण के लिए रूझान, आया एक सुखद परिवर्तन, शासन की योजना का भरपूर लाभ ले रहे जिले के किसान, किसानों ने मुख्यमंत्री को कहा शुक्रिया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीले सरसों के फूलों से गुलजार खेतों की बिखरी मनोरम छटा कह रही है, जिले में फसल परिवर्तन के आगाज की दास्तां...। रबी सीजन में सरसों के खेती का यह मनोहारी दृश्य है, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेशर के प्रगतिशील कृषक श्री अशोक रामचंद्र गुप्ता, श्री अमित गुप्ता एवं प्रसन्न कुमार जैन के खेतों का। जिले के किसान शासन की योजना का भरपूर लाभ ले रहे हैं। साथ ही उनमें फसल विविधीकरण के लिए रूझान बढ़ा है। श्री अशोक रामचंद्र गुप्ता के 11 एकड़ खेत में मक्का, किसान अमित गुप्ता के 4 एकड़ खेत में सरसों तथा किसान श्री प्रसन्न कुमार जैन के 11 एकड़ खेत में गेहू एवं 8 एकड़ खेत में सरसों की खेती की जा रही है। किसानों को कृषि विभाग से मक्का प्रदर्शन के तहत 20 किलो प्रति हेक्टेयर 95544 किस्म का बीज प्राप्त हुआ है तथा छत्तीसगढ़ सरसो वेरायटी का बीज किसानों को प्रदाय किया गया है। किसानों ने बताया कि खरीफवर्ष 2024 में धान की खेती करने के बाद अब धान के बदले सरसों, गेहूं एवं मक्के की खेती की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को किसान हितैषी विभिन्न योजनाओं के लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा बीज प्रदाय किया गया है तथा कीट प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है, जिससे अच्छी फसल हो रही है। उल्लेखनीय है कि ग्राम जंगलेशर के उन्नतिशील किसानों ने 50 एकड़ में धान के बदले मक्का, 15 एकड़ में सरसो तथा 30 एकड़ में गेहूं की फसल लगाई गई है। कृषि विभाग द्वारा मक्का एवं सरसों का नि:शुल्क बीज प्रदाय



किया गया है। इन फसलों में लागत कम और फायदा ज्यादा है। जिला प्रशासन द्वारा फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है तथा इसके लिए जल संवर्धन, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे किसानों में धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले फसल की तरफ किसानों का रूझान बढ़ा है और अब किसान गेहूं, सरसों, मक्का, चना, दलहन-तिलहन सहित अन्य उद्यानिकी फसलों को अपना रहे हैं। यह एक सुखद परिवर्तन है। फसल चक्र परिवर्तन पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए लेना आवश्यक हो गया है, इससे जमीन उपजाऊ होती है तथा खरपतवार में कमी आती है। इन फसलों से किसानों को अच्छा मुनाफा होता है। सरसों की खेती में प्रति एकड़ 5 हजार रूपए खर्च होता है तथा प्रति एकड़ 6-7 क्विंटल उत्पादन होता है, जिससे लगभग 40-42 हजार रूपए



शुद्ध लाभ होता है। धान के बदले अन्य फसलों में पानी कम लगता है। वहीं बीमारी एवं देखरेख की कम आवश्यकता होती है। किसानों ने बताया कि गेहूं की खेती में प्रति एकड़ 5 हजार रूपए खर्च होता है तथा 15-17 क्विंटल उत्पादन होता है, जिससे लगभग 30 हजार रूपए तक आमदनी होती है। मक्का की खेती में प्रति एकड़ 15 हजार रूपए खर्च होता है तथा उत्पादन 30-40 रूपए प्रति क्विंटल उत्पादन होता है तथा लगभग 60 हजार रूपए लाभ मिलता है।

# सेवानिवृत होने पर व्याख्याता कोति नागवंशी की भावभीनी विदाई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव में पदस्थ एवं कार्यरत व्याख्याता (हिन्दी) श्रीमती कांति नागवंशी को शाला परिवार एवं ग्रामीणों के द्वारा सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कोति नागवंशी मैडम थी। भर्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। शाला परिवार के द्वारा मंचस्थ अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा-1 की' एवं 10 वीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत एवं धन्यवाद नृत्य प्रस्तुत किया गया । व्याख्याता कु0 कुसुम मिंज ने श्रीमती नागवंशी मैडम का संक्षिप्त परिचय एवं विभिन्न विद्यालयों में दी गई सेवाओं की



शासकीय हाईस्कूल नया बम्हनीभाठा, विकासकाण्ड

जानकारी प्रस्तुत की। संस्था प्राचार्य संतराव बोरकर एवं प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती दिनेश्वरी साहू ने बताया कि नागवंशी मैडम अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रही। समय और अनुशासन का पूरा-पूरा ध्यान रखती थी । शाला के बच्चों का उनसे विशेष लगाव था। शाला की शिक्षिका श्रीमती हेमलता रामय्के एवं वर्षा खोब्रागढ़ मैडम ने सेवानिवृत्ति पर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामीण श्री चुन्नू लाल शांडिल्य, रामचंद साहू, शांति बाई साहू, जीवन साहू, संतराम साहू, कु0 सोनल नागवंशी, सुरभि नागवंशी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तारस राम साहू ने किया।

# अग्रणी दिग्विजय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोकत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्या डॉक्टर किरण लता दामले के निर्देशन एवं आईण् क्युण् एण् सीण् के प्रयास साथ ही वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष डॉक्टर एसण्केण्ऊके की अध्यक्षता में विस्तार गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हारपुरी में दिनांक 15ध01ध2025 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कन्हारपुरी विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र.छात्राओं को ष्अग्रणी दिग्विजय .राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ष्के पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत छात्र.छात्राओं को नई शिक्षा नीति के विजन उद्देश्य महत्व व महाविद्यालय में संचालित होने वाले सारे पाठ्यक्रमों की जानकारी के प्रोण् रागिनी के द्वारा पीण्पीण्टीण्के माध्यम से प्रदान की गईद्य



जिसके अंतर्गत छात्रों को जेनेरिक कोर्सए वैल्यू एडेड कोर्सए स्किल एनहैंसमेंट कोर्सएके बारे में जानकारी दी गई। उपरोक्त एक दिवसीय कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के पश्चात कैरियर गाइडेंस की जानकारी पीण्पीण्टी के माध्यम से प्रोण्तरुणा के द्वारा छात्र.छात्राओं दी गईद्य जिसके अंतर्गत से छात्रों को कक्षा 12वीं के पश्चात करियर ऑप्शन व उच्च शिक्षा हेतु छात्र.छात्राओं को प्रेरित किया गयाद्यकार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती संगीता खोपरागढ़ेएवरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र ढारगावेए विरेंद्र दुबेए एवं अन्य स्टाफव साथ ही दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर प्रज्ञा मिश्राए श्रीमती स्वयंसिद्धा झ साथ ही ?मण् कॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र.छात्राएं उपस्थित थे द्य कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्या को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

## युवा सप्ताह के तहत शिवनाथ साइंस कॉलेज में विवेकानंद जयंती मनाया गया

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में युवा उत्सव के रूप में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती डॉ निर्मला उमरे प्राचार्य के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना व इतिहास



विभाग के तत्वाधान में मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में श्री रवि सिन्हा अध्यक्ष जन भागीदारी समिति रहे विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पन व द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हम होंगे कामयाब गीत गाया राष्ट्रीय सेवा योजना के एस आर कन्नौजे ने कहा कि एकम सत् विप्र बहुदा वदंति अर्थात सत्य एक है दार्शनिक इसे विभिन्न नाम से पुकारते हैं स्वामी विवेकानंद के भारतीय धर्मनिरपेक्षता के विचार सभी धर्म के लिए समान थे ,उन्होंने सदैव सार्वजनिक संस्कृति के रूप में धार्मिक सहिष्णुता का समर्थन किया क्योंकि वे सद्भाव और शांति चाहते थे उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस रहे उनसे उन्हे शिक्षा व दीक्षा मिली, डॉक्टर निर्मला उमरे प्राचार्य ने कहा कि वर्ष 2025 का थीम है राष्ट्र निर्माण की भूमिका में युवा वर्ग युवा राष्ट्र निर्माण में आगे आए राष्ट्र हम सब के लिए सर्वोपरी है, आर एस नायक पूर्व डीआईजी ने कहा कि स्वामी जी के दार्शनिक विचार संस्कार कर्तव्य परायणता एवं समर्पण की भावना को प्रत्येक विद्यार्थियों को ग्रहण करना चाहिए भारत युवाओं का देश है विकसित भारत के निर्माण में युवा वर्ग अपना कर्तव्य निभाए श्री विनोद डड्डा जन भागीदारी समिति सदस्य ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय शक्ति को स्थापित करने वाले महाशक्ति को नमन किसी का बिगाड़ो मत, किसी की उपेक्षा ना करें किसी से अपेक्षा न रखें, सफलता पर उड़ना मत असफलता पर रुकना मत कर्तव्य पद पर बढ़ते जाना है श्री अमन ब्रिज नामदेव ने कहा की युवा संकल्पित होकर कार्य करें तो राष्ट्र की उन्नति निश्चित है।

**शुभांक**
1-7-0
679-2 270-9
**भाग्यांक**
123-6 558-8

# पटरी पार चीखली क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बालोद जिले के ग्राम करहीभदर में 16 से 19 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की खेलो इंडिया सेंटर टीम का चयन किया गया है। जिले की टीम में पटरी पार चीखली क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ये खिलाड़ी खेलो इंडिया के कोच शकील अहमद एवं कोच आरती शेंडे के निर्देशन में इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज बालोद रवाना हुए।

**रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी का योगदान**

चयनित तीनों खिलाड़ी रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। इनका प्रशिक्षण चीखली स्कूल के मैदान में प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से होता है।

**हॉकी से होगा बच्चों का बहुमुखी विकास: फ़िरोज़ अंसारी**

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने पटरी पार क्षेत्र में हॉकी खेल के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाने और उन्हें नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी की सराहना की। उन्होंने कहा कि हॉकी के प्रति पटरी पार के बच्चों का बढ़ता रुझान क्षेत्र में नया उत्साह और उमंग लेकर आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह खेल बच्चों के बहुमुखी विकास में सहायक होगा। जिला हॉकी संघ



के सचिव शिवनारायण धकेता ने तीनों खिलाड़ियों को जिला हॉकी संघ एवं राजनांदगाँव के समस्त वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों की ओर से बधाई दी और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

**कोच शकील अहमद को भरोसा, तीनों खिलाड़ी करेंगी शानदार प्रदर्शन**

टीम के कोच शकील अहमद ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजनांदगांव के सहायक संचालक ए. एक्का के निर्देशन में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप के बाद इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चीखली क्षेत्र से चयनित खिलाड़ियों मे पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी स्कूल से चांदनी नेताम, लक्ष्य पब्लिक स्कूल से जान्हवी मेश्राम एवं विनायक पब्लिक स्कूल से एकता राजपूत शामिल है। कोच ने बताया कि जान्हवी मेश्राम और एकता राजपूत ने तीन माह के अल्पकालिक प्रशिक्षण के बाद यह सफलता हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

**वरिष्ठ नागरिकों और समाजसेवियों ने दी बधाई और कहा उम्मीद की नई किरण**

तीन खिलाड़ियों के चयन ने पटरी पार क्षेत्र में हॉकी खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह का माहौल पैदा किया है। इस सफलता ने क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का नया स्रोत स्थापित किया है। छेत्र के वरिष्ट नागरिक गोविन्द यादव,अब्दुल कादिर, संतोष साहू, सुनील वर्मा,पूर्व पार्षद सुनील साहू , समाज सेवी ललित नायडू, सुरेश डेकाटे,आशु लारिया , रवि कुंजाम, संदीप यादव , ब्रम्हा नंद चौबे , शेखर सिन्हा , शिवा चौबे , राधे साहू , तेजन राजपूत , लाल सिंह साहू , राजा राजपूत , बृज नेताम , पप्पू रामटेके , किशोर श्रीमटे , अमर जीत यादव , विष्णु नंद चौबे , राजेश यादव , सौरभ यादव , वासु सावक , लक्ष्मण पाल , चंदा साहू , मनोज साहू , अंजू सिंह , प्रतिमा भारद्वाज , मोनिका राजपूत , वंदना वर्मा , रागिनी श्रीवास्तव , श्रीमती मंजूलता राजपूत , डेजी मसीह , कल्प रानी , जामुन साहू , पायल वर्मा , मीणा विश्वकर्मा एवं श्रीमती सरिता चौबे ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# राजनांदगांव के 20 बड़े बकायेदारों की काटी जाएगी बिजली कनेक्शन, बकाया राशि वसूली के लिए विभाग चलाएगा युद्धस्तर पर अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा राजनांदगांव जिले के 24 बड़े बकायदारों के बिजली कनेक्शन काटने की तैयारी कर ली गई है। साथ ही बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले शासकीय विभाग, घरेलु, एवं गैर घरेलु उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर चलाया जायेगा। राजनांदगांव जिले के बड़े घरेलु बकायेदार उपभोक्ता श्रीमती सुजाता डाकलिया, बकाया राशि 1 लाख 90 हजार, श्री निर्मलचंद जैन, बकाया राशि 1 लाख 70 हजार, श्री राकेष लोहिया, बकाया राशि 1 लाख 94 हजार, श्रीमती प्रीति कोठारी, बकाया राशि 5 लाख 90 हजार, श्रीमती संगीता जैन, बकाया राशि 1 लाख 7 हजार, श्री नीतीश अग्रवाल, बकाया राशि 2 लाख 18, श्री तिलोकचंद बैद, बकाया राशि 1 लाख 48 हजार, श्री प्रमोद कुमार निशाद, बकाया राशि 1 लाख 9 हजार, श्री अटल कुमार, बकाया राशि 1 लाख 12 हजार, डॉ. दीक्षित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बकाया राशि 1 लाख 92 हजार, श्री तीरथराम पटेल, बकाया राशि 1 लाख 9 हजार, हरिओम मिनरल्स, बकाया राशि 1 लाख 45 हजार, आर.डी. मिनरल्स, बकाया राशि 1 लाख 94 हजार, अर्चना पाइप्स, बकाया राशि 1 लाख 70 हजार, गीता एग्रो, बकाया राशि 2 लाख 52 हजार, वेलकम पालीमर्स, बकाया राशि 1 लाख 85 हजार, षांतीविजय राइस मिल, बकाया राशि 1 लाख 4 हजार, एसकेआर इंडस्ट्रीज, बकाया राशि 1 लाख 56 हजार, राजनांदगांव पाइप फैक्ट्री, बकाया राशि 7 लाख 6 हजार,



एबीस एक्सपोर्ट, बकाया राशि 1 लाख 8 हजार रुपए जिनका बिजली कनेक्शन काटा जाएगा। विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए अनुरोध भी कर रहे हैं। राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट ने बताया कि पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वितरण द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में बकाया राजस्व वसुली के लिए युद्धस्तर अभियान चलाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी के परिपेक्ष्य में शासकीय विभाग, घरेलु एवं गैर घरेलू कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही औद्योगिक श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसूली की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के साथ ही उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। तथा उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 400 यूनिट तक हॉफबिजली बिल योजना के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारें में अवगत कराया जा रहा है।

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन

**( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. दामले के निर्देशन में एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अमिता बक्शी के कुशल निर्देशन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रचार प्रसार किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तार से चर्चा करते हुए श्री संजय सप्तर्षि, सहायक प्राध्यापक,(राजनीति विज्ञान), ने विद्यालय में उपस्थित छात्र/छात्राओ को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस शिक्षा नीति के उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सकल अनुपात दर को बढ़ाना,मल्टीपल एंट्री और एग्जिट के द्वारा शिक्षा को सरल एवं सुगम बनाना, साथ ही किसी भी विषय का विद्यार्थी कोई भी विषय लेकर पढ़ सकता है जैसे मानविकी, कला



या समाज विज्ञान विषय से संबंधित विद्यार्थी अपने रुचि के अनुरूप विज्ञान या वाणिज्य के विषय का चयन कर सकता है, उसी तरह विज्ञान या वाणिज्य का विद्यार्थी कला साहित्य के विषयो में भी निपुण हो सकता है। इस शिक्षा नीति का सबसे ज्यादा जोर कौशल विकास एवम मूल्य वर्धित शिक्षा पर है क्योंकि विद्यार्थी कौशल विकास से स्वरोजगार के अवसर ढूंढ सकता है और मूल्य वर्धित शिक्षा से मानवीय मूल्यों को समझ सकता है,आगे उन्होंने ये भी बताया कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर आधारित यह पाठ्यक्रम लागू हो चुका है तथा 12वी पास कोई भी विद्यार्थी मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकता है।उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य योगश द्वीवेदी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवम प्रतीक चिन्ह राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग से दीपक कुमार (अतिथी व्याख्याता) एवं एम.ए. के विद्यार्थी के साथ-साथ विद्यालय के 12वी कक्षा के बहुत से विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा टेस्ट संकुल मनेरी में संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला साहू संघ के मार्गदर्शन पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी के प्राचार्य एवं समन्वयक के आग्रह पर मेगा मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमे संकूल मनेरी अंतर्गत 15 छात्र सम्मिलित हुए प्रथम स्थान द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया । उक्त टेस्ट परीक्षा में संकूल प्राचार्य श्री ए आर साहू, समन्वयक नीलमनी साहू मनेरी, माघव साहू शिक्षक शास पुर्व माध्यमिक विद्यालय गुंगेरी नवागांव, कविता शर्मा प्राथमिक विद्यालय गनेरी, चंदू लाल साहू जामशरार कला छत्रपति गुरु प्रधान पाठक शास प्राथमिक विद्यालय गूंगेरी नवागांव उपस्थित रहे।



## ज्ञान मंथन

*1) मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कब नेशनल सिनेमा डे मनाने की घोषणा ?*

*2) 19वीं एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने किसको हराकर गोल्ड मेडल जीता?*

*3) भारत कौन से गोलार्द्ध में स्थित है?*

*4) कौन-सा विदेशी यात्री दिल्ली का काजी नियुक्त हुआ था?*

*5) अभिनेत्री डायने क्रूगर को ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल में किस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 13 अक्टूबर (2) श्रीलंका (3) उत्तरी व पूर्वी गोलार्द्ध (4) इब्नबतूता (5) गोल्डन आई

# साल बदल चुका है, अब समय है आप के बदलने का



**राजनांदगांव।** कैलेंडर तो हर साल बदलते हैं और बदलते रहेंगे पर क्या आप अपने आप को समय के अनुसार बदलने तैयार है,बदलाव का मतलब हर वह चीज जो आपको सफलता से रोक रही है सफलता के मार्ग पर रोडे बनी है , बदलाव से अभिप्राय सम्बन्धों में बदलाव नहीं अपनी पर्सनालिटी, कम्युनिकेशन,नालेज,काम करने के ढंग में बदलाव से है यदि वही करते रहे जो अभी तक किया है तो वही मिलेगा जो अभी तक मिला है कुछ नया पाने के लिए कुछ नया करना पड़ेगा ।

भारत युवाओं का देश है जहां 65%से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष के उम्र के है युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है जिसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देश की दशा व दिशा तय करना है कहा भी जाता है कि, जीस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है, सभी युवा भाईयों से मेरा अनुरोध है कि अपनी जवानी में कुछ तो ऐसा करिए की कम से कम अपने बच्चों को मोटिवेट करने के लिए दूसरों का उदाहरण देना ना पड़े जीवन में कुछ ऐसा करिए की लोग ,समाज ,परिवार व आप खुद को आप पर गर्व महसूस हो। किसी भी समाज के विकास या बर्बादी में सबसे बड़ा योगदान उस समाज के पढ़े-लिखे युवा व बुद्धिजीवी वर्ग का है,यदी देश और समाज के लिए वास्तव में युवा कुछ करना चाहते हैं तो राजनीतिक एक अच्छा विकल्प है क्योंकि हमारी स्थिति भाग्य पर नहीं राजनेताओं पर आधारित है वास्तव में आप समाज में कोई बड़ा परिवर्तन, बदलाव या लोगों की भागीदारी चाहते हैं तो राजनीति से शुरूवात करें क्योंकि प्रत्येक चीज राजनीति से ही तय होती है आवास,भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार प्रत्येक क्षेत्र राजनीति से प्रभावित है इस कारण राजनीति में पढ़ें लिखे, ईमानदार, युवाओं को आना जरूरी है जो देश व समाज के विकास के बारे में सोचें देश को तरक्की की राह पर ले जाए, योजनाबद्ध व विचारबध्द कार्य करें। अक्सर हम लोगों को राजनेताओं को गाली देते सुनते हैं की राजनेता खाराब है , भ्रष्ट है वे पैसे बांटते हैं, शराब बांटते हैं पर वे ये सब बांटते किसे है जनता को ना जनता यदि लेने से मना कर दें तो ?... ऐसे लोग को मैं कहना चाहता हूं कि उन्हें गाली ना दे हिम्मत है तो इन्हें बदले या चुप चाप स्वीकार करें क्योंकि जनता को नेता वैसा ही मिलता है जैसे जनता होती है नेता खाराब है तो इसमें दोष नेता का नहीं जनता का है बकवास करना आसान है बदलाव करना मुश्किल है । किसी इंसान को बचाना, सही मार्गदर्शन करना, आप के कारण कोई सफल हो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं और ऐ सब राजनीति से ही सम्भव है लोगों की आवश्यकताओं व जरूरतों को समझ कर उनके हित में कार्य कर उनका विकास करना, समस्याओं का समाधान, लोगों के विचार, समस्या, और आवश्यकताओं को समझ कर उनकी आवाज बनना आम नागरिक नहीं कर सकता क्योंकि आम नागरिक के कुछ दायरे होते हैं इस कारण आप सिस्टम का हिस्सा बने राजनैतिक जीवन की शुरुआत करें और समस्याओं के निवारण के लिए संपूर्ण रुप से प्रयास करें। वर्तमान समस्याओं का जड़ युवा वर्ग ही है जो शिक्षित होने के बाद भी राजनीति में रुचि नहीं दिखाते और अपने से कमजोर को अपने ऊपर राज करने का अवसर देते हैं और अशिक्षित लोगों से उम्मीद करते है कि वह उसका भविष्य तय कर के अच्छी योजनाएं बनाएं ।

# प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन का शेखर यादव पुन: बने अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन का शेखर यादव पुन: अध्यक्ष बने। श्री यादव का पिछले कार्यकाल से सभी पत्रकार खुश थे। संगठन को मजबूत और पत्रकारों के हित मे कार्य करने का लिया संकल्प, शेखर यादव के अध्यक्ष बनने पर पत्रकारों मे खुशी का मौहल, राजनांदगाँव जिले मे प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सैकड़ो पत्रकार के बीच अध्यक्ष के कार्यकाल का समय समाप्त होने के बाद फिर से अध्यक्ष नया बनाने के लिए सभी पत्रकार महारानी लक्ष्मी स्कूल के सामने रेस्ट हॉउस मे बैठक कर नए अध्यक्ष, सचिव और मिडिया प्रभारी के लिए चर्चा हुआ जिसके बाद सभी पत्रकारों ने एक सहमति से जो पत्रकार अध्यक्ष, सचिव और मिडिया प्रभारी के लिए चुनाव लड़ना चाह रहे थे उनके नाम का चिट बनाकर एक डब्बे मे अपने - अपने राय का और जिसको अध्यक्ष, सचिव, मिडिया प्रभारी बनाना चाहते थे उनके नाम चिट डाल दिए पूरा प्राकिया होने हे बाद जब सब के सामने बॉक्स को खोल कर चिट गिना तो सबसे अधिक अध्यक्ष के लिए पिछला अध्यक्ष रहे शेखर यादव को एकतरफा मत मिला और पूना अध्यक्ष चुना गया 2025 का बना वही सचिव तरुण सोनी और मिडिया प्रभारी विवेकानंद देवांगन को चुना गया जिसके बाद पत्रकारों मे खुशी का मौहल बना साथ सभी पत्रकारों ने नए अध्यक्ष शेखर यादव सचिव और मिडिया प्रभारी को बधाई देने के लम्बी कतर लगी वही इस चुनाव मे प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टेल वर्कर्स वेल्फेयर एसोसिएशन राजनांदगांव के पत्रकार राकेश तिवारी, प्रकाश ठाकुर ,नितिन हिवरेकर ,आशीष साहू, उत्तम कोसरिया ,प्रवीण यादव ,संतोष सहारे, दीपक यादव, नागेश श्रीवास्तव सहित संगठन के समस्त पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## 3.78 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा पदुमतरा पेट्रोल पंप चौक के पास लखन लाल साहू के कब्जे से बेस्टो रेयर विदेशी मदिरा व्हिस्की 21 पाव कुल 3.78 बल्क लीटर मदिरा आबकारी अधिनियम के तहत जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी राजनांदगांव श्रीमती कुसुमलता जोल्हे, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री जर्नादन प्रसाद पाण्डे, आबकारी आरक्षक श्री आर्यन ठाकुर, श्री सुरेश देशलहरे, देवकुमार शामिल थे।



# कृषक उन्नति योजना से संवर रही किसानों की जिंदगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कृषक उन्नति योजना से किसानों की जिंदगी संवर रही है। उनके जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है और वे नवीनतम एवं आधुनिक कृषि करने के लिए प्रेरित हुए है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्किंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्किंटल के मान से धान खरीदी होने पर किसान खुश हैं।





राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला के किसान श्री गोवर्धन दास साहू ने बताया कि वर्ष 2023-24 का बोनस लगभग 2 लाख रूपए की राशि मिली है। दो वर्ष की बकाया बोनस राशि 1 लाख रूपए मिली है। वहीं इस वर्ष धान बिक्री से 5 लाख 65 हजार रूपए की राशि खाते में आ गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 2 लाख रूपए बोनस और प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को धान का अच्छा मूल्य दे रही है। जिससे किसानों को अब बचत हो रही है और किसानों में आधुनिक कृषि यंत्रों एवं आधुनिक पद्धति से खेती करने में रूझान बढ़ा है। इससे उपज में वृद्धि हो रही है। किसान श्री गोवर्धन दास साहू ने बताया कि उन्होंने प्राप्त राशि से ट्रेक्टर एवं थ्रेसर मशीन खरीदा है तथा खेती-किसानी एवं घरेलू कार्य में राशि का उपयोग कर रहे है। उन्होंने बताया कि उनके पास 12.5 एकड़ जमीन है तथा इस वर्ष उनके पूरे धान की बिक्री हो गई है। उन्होंने कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बहुत धन्यवाद दिया।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी के किसान श्री सुकृत दास साहू ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का अच्छा मूल्य मिल रहा है, जिससे उनके जीवन में परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष धान बिक्री से 1 लाख 11 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। वहीं दो वर्ष की बकाया राशि 60 हजार रूपए प्राप्त हुआ। इस राशि का उपयोग वह अपने घर का नवीनीकरण करने के लिए कर रहे हैं। 3 एचपी का मोटर पंप खरीदे हैं तथा राशि का उपयोग खेती-किसानी में कर रहे हैं।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ता हो रहे आकर्षित



**दुर्ग ( नांदगांव टाइम्स )।** विद्युत उपभोक्ता अब अपने घर की छत पर ही सूरज की रोशनी से बिजली उत्पादन कर आय में वृद्धि कर सकते हैं। इसके लिए पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना के तहत् आवेदन कर मकान में सोलर पैनल लगवाना होगा। जिससे बिजली की बचत के साथ उपभोक्ता विभाग को बिजली बेच सकेंगे। इस योजना के तहत अब तक दुर्ग विद्युत रीजन(दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले) के 9147 उपभोक्ताओं का आवेदन नेशनल पोर्टल पर आ चुका है। जिनमें से पॉवर कंपनी द्वारा 9120 आवेदनों की तकनीकी साध्यता जारी की जा चुकी है। इनमें से 202 लोग अपने मकानों में रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवा भी चुके है। उल्लेखनीय है कि यह पूरा प्रोसेस ऑनलाईन है। जिससे घर बैठे उपभोक्ता इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही इसे लगाने के लिए जो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं उनके लिए भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा मात्र 07 प्रतिशत की आकर्षक एवं न्यूनतम ब्याज दर एवं केवल आधार कार्ड तथा पैन कार्ड जमा करने पर ऋण की व्यवस्था भी की गई है। पीएम घर सूर्य मुफ्त योजना के तहत् आवेदन के एक माह के अंतर्गत काम शुरू हो जाएगा। इस योजना के तहत 01 से 03 किलोवाट का सोलर पॉवर प्लांट बिजली उपभोक्ता की छत पर लगाने पर 30 से लेकर अधिकतम 78 हजार रुपए तक की सबसिडी का प्रावधान सभी के लिए है, चाहे वे किसी भी आय व जाति वर्ग के हों। उक्त सोलर पैनल पाईप के सहारे उंचाई पर भी लगाया जाता है, जिससे छत का उपयोग अन्य कार्यों के लिए भी किया जा सके। यह योजना अपने घर की छत पर ही बिजली उत्पादन का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

**उपभोक्ता इस तरह कर सकते हैं आवेदन:-**

केन्द्र सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए नेशनल पोर्टल लांच किया है। इसके लिए उपभोक्ता बेवसाईट पीएम सूर्य घर डॉट जी ओव्ही डॉट इन (222.श्चद्मद्मह्वह्म4द्दद्धड्डह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ) पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसमें अपने बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर नंबर, नाम, पता, राज्य और कितनी क्षमता का प्लांट लगाना है, उनकी जानकारियां भरनी होगी। उसी के अनुसार यह सोलर पैनल लगेगा और सब्सिडी मिल पाएगी। बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर सत्यापित करेंगे।

# आयुक्त ने ली तकनीकि अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा की और कहा कि डामरीकरण व पेचवर्क कार्य जल्द पूर्ण करे तथा अगामी निकाय चुनाव को देखते हुये कार्य मे गति लाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करावे साथ ही अप्रारंभ कार्य तीन दिन में जल्द चालू करने कहा।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने उप अभियंताओं से उनके प्रभारित वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय श्री संजय अग्रवाल द्वारा भी निर्माण कार्यो की जानकारी समय समय पर ली जाती है, कार्य की प्रगति के संबंध में उनके द्वारा परसो समीक्षा भी की जावेगी। उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर काम में गति लाने कहा, उन्होंने कहा कि डामरीकरण रोड के कोने तक करावे, जहा मशीन से नही होगा वहा मेनुअल करावे। सभी सडको में प्राथमिकता से डामरीकरण करावे, मशीनों की संख्या बढावे, पेचवर्क के कार्य में भी गति लावे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नगरीय निकाय चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता संभावित है, उसके पूर्व सभी कार्य चालू करना है, जो कार्य चालू स्थिति में है उसको समय सीमा में पूर्ण करना है। शौचालय मरम्मत कार्य चालू करने के पूर्व केयर टेकर द्वारा किये जाने वाली व्यवस्था की जॉच कर रिपोर्ट तैयार कर दो दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करे तथा मरम्मत कार्य चालू करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने उप अभियंताओं से वार्डवार काम की प्रगति की जानकारी लेकर अप्रारंभ कार्य 3 दिन में प्रारंभ कराने कहा तथा कार्य नही करने वाले व अधुरे कार्य करने वाले ठेकेदारों को दी गयी नोटिस के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि जवाब नहीं देने वाले व कार्य नही करने वाले ठेकेदार का कार्य निरस्त कर जल्द पुन: निविदा जारी करे। उप अभियंताओं ने कहा कि नोटिस उपरांत कुछ ठेकेदार काम चालू कर दिये है, कुछ गुणवत्ताहिन कार्य को पुन: करने कहा गया है। आयुक्त ने कहा कि कार्य ठीक नहीं करने की स्थिति में फाईल बढ़ाने की कार्यवाही न करे। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो चुका है, या प्रगतिरत है उसका मूल्यांकन जल्द कर आगे की कार्यवाही करे तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आंगनबाडी केन्द्र में रेन वॉटर हारवेस्टिंग सिस्टम बनाने की जानकारी ली। तकनीकि अधिकारियों ने कहा कि हारवेस्टिंग सिस्टम बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## धर्म समाचार....

# साल की पहली संकष्टी चतुर्थी पर इस तरह करें गणेश जी की पूजा




लम्बोदर संकष्टी चतुर्थी माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर मनाई जाएगी। इस दिन पर सकट चौथ का व्रत भी किया जाएगा जिसे काफी महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में यह तिथि और भी खास मानी जा रही है। ऐसे में चलिए जानते हैं लम्बोदर संकष्टी चतुर्थी का शुभ मुहूर्त और गणेश जी की पूजा विधि। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, किसी भी कार्य की शुरुआत से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से उस कार्य में किसी भी प्राकर की बाधा नहीं आती। गणेश जी की कृपा प्राप्ति के लिए हर माह में आने वाली संकष्टी चतुर्थी को भी विशेष माना गया है। ऐसे में आप साल 2025 की पहली संकष्टी चतुर्थी पर विशेष रूप से गणेश जी की पूजा कर सकते हैं। संकष्टी चतुर्थी शुभ मुहूर्त - पंचांग के अनुसार, माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 17 जनवरी को प्रात: 04 बजकर 06 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं चतुर्थी तिथि का समापन 18 जनवरी को प्रात: 05 बजकर 30 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए, लम्बोदर संकष्टी चतुर्थी का व्रत शुक्रवार, 17 जनवरी को किया जाएगा। इस दिन चन्द्रोदय का समय इस प्रकार रहने वाला है -

**गणेश जी की पूजा विधि -**

'कष्टी चतुर्थी के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद गणेश जी का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। अब पूजा स्थल पर चौकी पर हरे या लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। इसके बाद गणेश जी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। सबसे पहले गणेश जी का जलाभिषेक करें और

**उन्हें पीला चंदन लगाएं।**+- इसके बाद फूल, फल, रोली अक्षत के साथ-साथ गणपति जी को 21 दूर्वा भी अर्पित करें। भोग के रूप में गणेश जी को लड्डू, मोदक और तिलकुट का भोग लगाएं। अंत में संकष्टी चतुर्थी की व्रत कथा का पाठ करते हुए गणेश जी की आरती करें। शाम के समय चंद्र दर्शन करने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें और अपने व्रत का पारण करें।

**करें इन मंत्रों का जप**- विशेष कृपा प्राप्ति के लिए आप लम्बोदर संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश जी के मंत्रों का जप जरूर करना चाहिए।

वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरुमे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।
एकदंताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नम:।
प्रपन्न जनपालाय प्रणतार्ति विनाशिने।।
कदंताय विद् ?महे, वक्रतुंडाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात।।
॥ ? गं गणपतये सर्व कार्य सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा
॥? गंग गणपतये नमो नम:

## गंगाजल के लिए रखें इन वास्तु नियमों का ध्यान, बनी रहेगी पवित्रता

पापमोचनी कही जाने वाली गंगा नदी के जल को घर में रखना काफी शुभ माना जाता है। अगर आप गंगाजल को रखने के लिए वास्तु शास्त्र के नियमों का ध्यान रखते हैं तो इससे गंगाजल की पवित्रता बनी रहती है और आपको इसके काफी फायदे भी मिलते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं इस बारे में। धार्मिक मान्यता है कि गंगा नदी में डुबकी लगाने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। इसलिए गंगा को कलयुग का तीर्थ भी कहा गया है। लगभग हर हिंदू अनुयायी के घर में गंगाजल पाया जाता है, जिसका प्रयोग मांगलिक कार्य की पवित्रता बनाए रखने के लिए भी किया जाता है। तो चलिए जानते हैं कि यदि आपके घर में गंगाजल है, तो आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**कहां रखें गंगाजल**- गंगाजल को रखने के लिए वास्तु शास्त्र में ईशान कोण यानी घर की उत्तर-पूर्व दिशा को सबसे अच्छा माना गया है। वहीं आप घर के मंदिर में गंगाजल रख सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इन स्थानों पर देवी-देवताओं का वास होता है। ऐसे में साधक पर समस्त देवी-देवताओं का आशीर्वाद बना रहता है।

**पात्र का भी रखें ध्यान**- इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि आप गंगाजल को किस चीज में रख रहे हैं। गंगाजल को रखने के लिए हमेशा शुद्ध पत्र का इस्तेमाल करें। ज्यादातर लोग प्लास्टिक की बोतल में गंगाजल रखते हैं, लेकिन वास्तु की दृष्टि से ऐसा करना बिल्कुल गलत माना गया है। गंगाजल को रखने के लिए हमेशा तांबे, पीतल, चांदी या फिर मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल करना चाहिए।

**न करें ये गलती**- गंगाजल को रखते समय ध्यान रखें कि वह जगह साफ-सुथरी होनी चाहिए। भूल से भी गंगाजल को गंदे या अंधेरे वाले स्थान पर न रखें। इससे आपको अच्छे परिणाम नहीं मिलते। आप गंगाजल को ऐसे स्थान पर रख सकते हैं जहां अच्छी रोशनी हो। गंगाजल को कभी भी झूठ या गंदे हाथों से न छुएं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# तेरा मेरा छोड़कर जिताऊ उम्मीदवार को टिकट वितरण पार्टी की प्राथमिकता - संतोष पांडे

## सर्वानुमति के सामंजस्य से उम्मीदवार का चयन करें - अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया जिसमें संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल एवं लाभचंद बाफना तथा सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख भी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम बैठक का विधिवत शुभारंभ भारत माता एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सभी को मिलजुल कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आवाहन किया तथा सभी 16 मंडल अध्यक्षों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

बैठक में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सभी को समन्वय करके संतुष्ट करना और वार्ड के निवासियों के लिए सर्वसम्मति से पार्षद, पंच, सरपंच एवं महापौर पद का प्रत्याशी का चयन करना हम सब की जवाबदारी है, इसमें तेरा मेरा को छोड़कर पार्टी के हित में कार्य करने से सफलता तय होगी, उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन चुनाव के समयबध्य ढंग से संपन्न हुए हैं,जो संगठन की विशेषता है।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव जीताने में अपना पसीना बहाया है, अब इन छोटे कार्यकर्ताओं को नेता बनाने एवं निचले स्तर तक पार्टी की योजनाओं को पहुंचाने का अवसर यह चुनाव है। इस चुनाव में योग्य एवं सही कार्यकर्ता का चुनाव कर टिकट वितरण से पार्टी का जनाधार निश्चित रूप से बढ़ेगा। सभी की सामूहिक जवाबदारी है कि हम एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़े।




संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल ने भी नगर निगम चुनाव एवं पंचायत चुनाव के संबंध में बूथ स्तर पर जीत के मंत्र दिए और कहा कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की भूपेश सरकार का भय एवं आतंक का माहौल था,जिसके जिला अध्यक्ष के कुख्यात कारनामे जग जाहिर थे, अब वर्तमान में विष्णु देव साय का सुशासन चल रहा है जिसके तहत 70 लाख बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को 2 वर्ष का बोनस भी दिया,साथ ही एक मुफ्त 3100 में धान खरीदी की व्यवस्था भी की जा रही है। अवधेश चंदेल ने कहा कि सभी को अनुभव के साथ मेहनत और विश्वसनीयता के साथ जनता का विश्वास हासिल करना है और मतदाता सूची का अवलोकन जरूर करें तथा सूचीबद्ध मतदाताओं से संपर्क कर उनका विश्वास हासिल करें।

विशेष रूप से पधारे लाभचंद बाफना ने कहा कि 15 वर्षों तक डॉ रमन सिंह ने प्रदेश को विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचा उनके कार्यकाल को जनता को जरूर बताएं और 5 वर्षों तक भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं को महादेव एप और शराब के भ्रष्टाचार में डुबो दिया और विगत एक वर्षों में विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन को और उनकी योजनाओं को भी जनता तक पहुंचाएं तो भाजपा की जीत पक्की होगी।

प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि उनके जीवन का स्वर्णिम अवसर आया है इसलिए वे सभी इस चुनाव में गंभीरता के साथ लग जाए और स्थानीय मुद्दों को उजागर करें पिछली सरकार की कमियों को बताएं और लगातार मतदाताओं से संपर्क में रहे,बूथ जीतने के लिए सभी कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं तो चुनाव में भाजपा का परचम जरूर फहराएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने किया एवं आभार प्रदर्शन नव नियुक्त महामंत्री सौरभ कोठारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, विनोद खांडेकर, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, राजेंद्र गोलछा, नीलू शर्मा,एमडी ठाकुर, शशिकांत द्विवेदी, चंद्रिका डडसेना, शिव वर्मा,मूलचंद लोधी, गिन्नी चावला, संजय लोहिया, पूर्णिमा साहू, किरण साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, कैलाश शर्मा, लीलाधर साहू,सावन वर्मा,आलोक बिंदल, रघुवीर वाधवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा दिवस पर तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न



### खेल से युवाओं का सर्वांगीण विकास संभव - मोनू बहादुर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में मिनी, सबजूनियर और जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि मोनू बहादुर (अध्यक्ष, जिला भाजयुमो) ने खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा, मैं युवा दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई देता हूं। स्वामी विवेकानंद की स्मृति में यह आयोजन तीरंदाजी संघ द्वारा किया गया है, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। यहां जो टैलेंट देखने को मिला है, वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है। कोचों की मेहनत से खिलाड़ी निश्चित रूप से राजनांदगांव का नाम बेहतर स्थान पर ले जाएंगे। मैं तीरंदाजी संघ, खिलाड़ियों और कोच राहुल साहू व कुशल रजक को बधाई देता हूं। विशिष्ट अतिथि सुमीत भाटिया (मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो उत्तर मंडल) ने कहा कि असुविधाओं के बावजूद इतना अच्छा प्रदर्शन काबिलेतारिफ है। खेल सामग्री की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि इसे दूर करने के लिए विधायक डॉ. रमन सिंह तक मांग पहुंचाई जाएगी। प्रखर श्रीवास्तव (मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो दक्षिण मंडल) ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और कौशल को बढ़ाने में सहायक होती हैं।



प्रतियोगिता के विजेता मिनी वर्ग में हरषु नेताम प्रथम और वेदिका नेताम द्वितीय स्थान पर रहे। सबजूनियर वर्ग में टिकेश्वर ने प्रथम और यशराज ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में अलका ने प्रथम और अर्जुन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोनू बहादुर (अध्यक्ष, जिला भाजयुमो), सुमीत भाटिया (मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो उत्तर मंडल), प्रखर श्रीवास्तव (मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो दक्षिण मंडल) , गेमु कुंजाम, डॉ. नीता नायर (क्रीड़ा अधिकारी, कमला कॉलेज), अरूण चौधरी (क्रीड़ा अधिकारी, दिग्विजय महाविद्याल), सज्जन सिंह ठाकुर, कोच राहुल साहू,कोच कुशल रजक,अमित यादव भूपेन्द्र सिन्हा, अंजली यादव और बड़ी संख्या में खिलाड़ी व पालकगण उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सभाकक्ष में बैंक लिंकेज कैम्प संपन्न




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सभाकक्ष में बैंक लिंकेज कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में बैंकों द्वारा 13 महिला स्वसहायता समूह के लिए 78 लाख रूपए का ऋण स्वीकृत किया गया। कैम्प में मुद्रा लोन इंटरप्राइजेस फाइनेंस किया गया। व्यक्तिगत इंटरप्राइजेस के तहत 42 हितग्राहियों का 68 लाख रूपए ऋण स्वीकृत किया गया। 4 हितग्राही का व्यक्तिगत इंटरप्राइजेस लोन स्वीकृत किया गया। कैम्प में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़, एडिशनल सीईओ, बीपीएम एनआरएलएम, बैंक शाखा प्रबंधक एवं पीआरपी, एफएलसीआरपी, बैंक मित्र, व्यक्तिगत हितग्राही एवं स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा पर आर.एस.एस. प्रमुख का बयान स्वागतेय : राकेश ठाकुर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सनातन धर्म सेवा परिवार के प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख आदरणी मोहन भागवत जी द्वारा रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर पूर्ण आजादी मिलने संबंधी दिये गये बयान का स्वागत किया है। श्री ठाकुर ने अपने बयान मे बताया है कि, वास्तव मे राम जी इस देश के कण-कण मे एवं जन-जन के मन मे बसे हुए है। बिना राम जी के भारत की कल्पना नही की जा सकती। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सम्पूर्ण भारत ही नही वरन विश्व मे जो हर्षो उल्लास का दृश्य हम सब ने देखा है, वस्तुत: आजादी के समय भी यही जश्न रहा होगा। संस्कारधानी राजनांदगाँव मे भी इस अवसर पर भव्य आयोजन विशेष कर स्थानीय स्टेडियम मे 5 लाख मिट्टी के दीयो से दीप मालाओं मे श्रृंखला आयोजित कर रामोत्सव को दीपोत्सव के रूप मे मनाया गया था। इस वर्ष भी कुम्हार भाईयों द्वारा बनाया गया मिट्टी के दीयों एवं नारी शक्ति द्वारा तैयार की गई 5 लाख बत्तीयों से भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जाना था। छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का नैनीहाल है एवं राजनांदगाँव विधानसभा मे डॉ. रमन सिंह वर्तमान मे विधायक है। बावजूद इसके अनुमति नही मिलने से राजनांदगाँव के संस्कारधानी जनता को इस वृहद धार्मिक एवं राष्ट्रीय स्वतंत्रता से ओत पोत आयोजन से वंचित होने से घोर निराशा एवं आकोश रहा है।



## रामायण कार्यक्रम पहुंचे योगेन्द्र दास वैष्णव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम रानीतरई में चैन साहू वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुपुत्र भेखचंद सुपुत्र दिव्यांश नामकरण संस्कार अवसर पर आदेश मानस परिवार उसडीबोड कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव ने साहू परिवार को सुपुत्र प्राप्ति तथा मानस आयोजन के बधाई दी तथा पुन: आगामी पंचायती राज चुनाव के जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव के लिए आशिर्वाद मांगा तथा समस्त ग्रामवासियों आभार व्यक्त किया।



# मोतीपुर स्कूल ग्राउंड में मकर संक्रांति पर किया गया पतंगबाजी का आयोजन

### सैंकडो बच्चो और युवाओ ने लिया पंतग प्रतियोगिता में भाग, जीता पुरस्कार, स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति द्वारा पंतगबाजी का मनमोहक आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पतंग उड़ाने की भारतीय परंपरा को पतंगबाजी प्रतियोगिता के माध्यम से स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति द्वारा आज राजनांदगांव के मोतीपुर स्कूल ग्राउंड में पुनर्जीवित किया गया। यहां संस्था अध्यक्ष रिभय यादव एवं संस्था प्रभारी अंशुल कसार द्वारा पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रतिनिधि अतुल रायजादा एवं युवा नेता पंकज कुर्रे शामिल हुए, जिन्होंने बताया कि राजनंदगांव का पतंगबाजी की कला में अद्वितीय स्थान रहा है। यहां बड़े पैमाने पर पतंगबाज एवं चकरी मांझा पतंग निर्माण विशेषज्ञ पाए जाते रहे है। किन्तु विगत कुछ वर्षो में देखा गया है की आधुनिकता, व्यस्त दिनचर्या एवं भौतिक सुख सुविधावाद के कारण पतंग उड़ाने वाले लोगों में कमी आई है । इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में पतंगबाजी की कला के प्रति रुझान और उत्साह देखने को मिला है । कई वर्षों बाद संस्कारधानी में पंतगबाजी की कला का इतना मनमोहक एवं सुखद आयोजन आयोजित किया गया है। संस्था के जिलाध्यक्ष रिभय यादव ने बताया कि कोरोना कल के बाद से बच्चों और युवाओं में मोबाइल और सोशल मीडिया के प्रति लगाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है और पतंगबाजी जैसे परंपरागत एवं कलात्मक मैदानी खेलो से बच्चे एवं युवा वर्ग दूरी बनाने लगे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को पतंगबाजी के खेल एवं कला से पुन: जोड़ना था क्योंकि पतंग मित्रता का प्रतीक भी है और लोगों को आपस में जोड़ती है। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।



## आरोपी केपास 22 नग देशी प्लेन शराब पकड़ाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी अवनिश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान में पुलिस ने 15.जनवरी को शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी करने वाले के ऊपर कार्यवाही करते हुये एबीस फैक्टरी के सामने बरसनटोला मोड़ टोलागांव के पास में आरोपी सोहैल अली पिता अकबर अली मटिया रोड लोक मंडई मैदान डोंगरगांव , के खिलाफ धारा- 34(1)(ख) आबाकरी एक्ट के तहत अप0 दर्ज कर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टीक थैला मे रखे 22 नग पौवा देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को गिर0 कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज की कार्यवाही की गई गयी हैं टी आई अविनाश श्रीवास ने बताया है कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे अवैध शराब के खिलाफआगे भी कार्यवाही जारी रहेगा।



# सफलता हेतु दिन में सपने देखने होते हैं संजय अग्रवाल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा श्सफलता के मूल सिद्धांतोंश् पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता श्री संजय अग्रवाल जिलाधीश राजनांदगांव थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.के.एल.दामले एवं डॉ.शैलेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य वक्ता का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने श्री संजय अग्रवाल के कार्यकाल का पूर्ण परिचय दिया था उनके सहज एवं सरल व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। श्री संजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता हेतु दिन में सपने देखने होते हैं। सफलता मेहनत मांगती है। हमे सपने देखना जरूरी है। वह जागृत अवस्था में देखनी चाहिए। सफलता प्राप्त करने हेतु समूह चर्चा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। अगर समय से परीक्षा की तैयारी की जाएगी तो परीक्षा में पहले का प्रेशर नही आएगा। किसी भी विषय पर तैयारी करने से पहले उसकी अवधारणा स्पष्ट होना जरूरी है। परीक्षा के पहले परीक्षा पैटर्न पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए साथ ही टाइम मैनेजमेंट भी जरूरी है। उन्होंने छोटे-छोटे उदाहरण देकर अपनी कमजोरियों को दूर करने के उपाय बताए। किसी भी चीज को लंबे समय तक कैसे याद किया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शैलेन्द्र सिंह तथा आभार हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर द्वारा किया गया। श्री अग्रवाल को इतिहास विभाग की ओर से प्रतिक चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो.संजय सप्तर्षि, डॉ.अजय शर्मा, श्रीमती हेमलता साहू, श्री प्रतीक जैन, कु.बिन्दु डडसेना सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com